भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(पोत परिवहन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय)
National Highways Authority of India
(MINISTRY OF SHIPPING, ROAD TRANSPORT & HIGHWAYS)
कार्यालय-परियोजना निदेशक, परियोजना क्रियान्वयन इकाई-गोरखपुर
देव विला, सं0 3/40 बहार क्लस्टर-3, सहारा स्टेट, देवरिया बाईपास रोड, गोरखपुर-273010 (उ0प्र)
Office of the Project Director, Project Implementation Unit Gorakhpur
No. 3/40, Bahar Cluster-3, Sahara Estate, Deoria by Pass Road, Dist.- Gorakhpur - 273010 (U.P.)
दूरभाष/Tel. No. (0551) 2231040 ईमेल/email-gorakhpur@nhai.org.

सत्यमेव जयते

NHAI Letter No. 5092

दिनांकः 26 अगस्त 2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
गोरखपुर वन प्रभाग, गोरखपुर

विषय – उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (एनएचडीपी) चरण-VII के अन्तर्गत जनपद गोरखपुर में 4/6 लेन गोरखपुर बाईपास का विकास जो NH-29E (कि0मी0 83+308) से शुरू होकर एनएच-28 (कि0मी0 285+100) पर समाप्त होता है।

सन्दर्भ – 1. आपका पत्रांक 156/2-6, गोरखपुर, दिनांक- जुलाई, 07/2022.
2. Forest Proposal No: FP/UP/ROAD/148672/2021

महोदय,

आपके संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयांकित प्रस्ताव में 4.946 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित हो रही है, जिसमें 4.495 हेक्टेयर वन भूमि बंगाई आरक्षित वन में है तथा 0.451 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि है। आपके द्वारा इस कार्यालय से क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु समतुल्य गैर भूमि की मांग की गई है। इस क्रम में हम आपको अवगत कराना चाहते है कि इस कार्यालय के पास क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु समतुल्य गैर भूमि उपलब्ध नहीं है।

अतः आपसे निवेदन हे कि आप इस कार्यालय को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रभावित वन भूमि के समतुल्य गैर वन भूमि का विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे कि उक्त भूमि का kml file, DGPS map, SOI Toposheet map शीघ्र तैयार किया जा सके और आपके कार्यालय में अग्रिम कार्यवाई हेतु प्रेषित किया जा सके। इस संबन्ध में जो भी आदेश वन विभाग, गोरखपुर द्वारा दिया जायेगा उसका पालन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, गोरखपुर द्वारा किया जायेगा।

सधन्वाद।

(परियोजना निदेशक)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई-गोरखपुर,
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण